सं. 05/11/2016-आईईपीएफ
भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

'ए' विंग, पाँचवा तल, शास्त्री भवन,
डा.आर.पी.रोड, नई दिल्ली
दिनांकः 01 अगस्त, 2016

कार्यालय ज्ञापन

विषयः कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 125 के अधीन स्थापित विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण में महाप्रबंधक और सहायक महाप्रबंधक के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करना

विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण में निम्नलिखित पदों को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं -

क्र.सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतनमान	पदस्थापन का स्थान
1	2	3	4	5
1	महाप्रबंधक	01	पीबी-4 में 37,400-67,000 रुपए + ग्रेड वेतन 8,700/- रुपए	नई दिल्ली
2	सहायक महाप्रबंधक	01	पीबी-3 में 15,600-39,100 रुपए + ग्रेड वेतन 5,400/- रुपए	नई दिल्ली

2. **महाप्रबंधक (आईईपीएफ प्राधिकरण) के लिए पात्रता शर्तें**

केंद्रीय या राज्य सरकार के वे अधिकारी

(i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण करते हैं; अथवा

(ii) पीबी-3 में 7,600/- रुपए ग्रेड वेतन में 6 वर्ष की नियमित सेवा की हो; अथवा

(iii) पीबी-3 में 6,600/- रुपए ग्रेड वेतन में 10 वर्ष की नियमित सेवा की हो।

वांछनीय योग्यताः प्रशासन/स्थापना में कार्य का अनुभव।

3. **सहायक महाप्रबंधक (आईईपीएफ प्राधिकरण) के लिए पात्रता शर्तें**

केंद्रीय या राज्य सरकार के वे अधिकारी

(i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण करते हैं; अथवा

(ii) पीबी-2 में 4,800/- रुपए ग्रेड वेतन में 2 वर्ष की नियमित सेवा की हो।

वांछनीय योग्यताः प्रशासन/स्थापना में कार्य का अनुभव।

अनुलग्नक-I

आवेदन के लिए प्रोफार्मा

1. आवेदन का पद
2. नाम और पता स्पष्ट अक्षरों में
3. जन्मतिथि (ईस्वी संवत में)
4. शैक्षणिक योग्यता
5. क्या इस पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक और अन्य योग्यताएं पूरी हैं (यदि किसी अर्हता को इन नियमों में विहित किसी योग्यता के समतुल्य माना गया है तो ऐसा प्रमाणित करने वाले प्राधिकरण का उल्लेख करें)
6. नियोजन के ब्यौरे, कालानुक्रम में
   (यदि यहां स्थान अपर्याप्त हो तो अलग कागज संलग्न करें, और उस पर अपना हस्ताक्षर करें)

कार्यालय/संगठन	धारित पद (नियमित)	से	तक	वेतन बैंड और ग्रेड वेतन	अनुभव की अवधि

7. वर्तमान ग्रेड वेतन, प्रतिमाह आहरित कुल परिलब्धियां
8. अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो जिसका आप इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहते हों
9. क्या अ.जा./अ.ज.जा/अ.पि.व. से हैं
10. संलग्न दस्तावेजों की संख्या, अलग सूची में दर्शाएं

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

दूरभाष सं. ....

तारीख .... पता ....

प्रमाणपत्र

1. प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी के ब्यौरे स्थापित कर लिए गए हैं और सही हैं।
2. अधिकारी यह पद/सदृश पद नियमित आधार पर धारण करता है।
3. यह प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी के विरूद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई लंबित नहीं है/विचाराधीन नहीं है। अधिकारी की सत्यनिष्ठा प्रमाणित है। वर्ष .... के लिए वार्षिक कार्य निष्पादन प्रतिवेदनों की प्रतियां संलग्न हैं।

(संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी/विभागाध्यक्ष
का हस्ताक्षर और मुहर)

दूरभाष सं. ....

4. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष है।

5. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति की अवधि, महाप्रबंधक के लिए 5 वर्ष और सहायक महाप्रबंधक के लिए 3 वर्ष होगी और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार द्वारा इस संबंध में जारी और समय-समय पर यथासंशोधित निबंधनों और शर्तों के अधीन होगी।

6. निर्धारित प्रौफार्मा (अनुलग्नक-I) में विधिवत् पूर्ण आवेदन 2 प्रतियों में निदेशक, आईईपीएफ, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, कमरा सं. 538, पांचवा तल, 'ए' विंग, शास्त्री भवन, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली - 110001 को उपयुक्त माध्यम से 31 अगस्त, 2016 तक भेजा जाए।

7. महाप्रबंधक और सहायक महाप्रबंधक की सेवा की निबंधन और शर्तें विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की भर्ती, वेतन और सेवा की अन्य निबंधन और शर्तें) नियम, 2016 द्वारा विनियमित होंगे जिसे सक्षम प्राधिकारी ने अनुमोदन किया है और जो मंत्रालय की वेबसाइट www.mca.gov.in पर प्रारूप रूप में उपलब्ध है। आवेदन हेतु निर्धारित प्रोफार्मा मंत्रालय की वेबसाइट www.mca.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

8. इसे व्यापक रूप से प्रचारित किया जाए।

21.07.16

(राकेश त्यागी)
निदेशक

प्रतिः

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव।
2. सभी राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों के मुख्य सचिव।
3. कारपोरेट कार्य महानिदेशक, नई दिल्ली।
4. सभी प्रादेशिक निदेशक/कंपनी रजिस्ट्रार-सह-शासकीय समापक/कंपनी रजिस्ट्रार/शासकीय समापक, कारपोरेट कार्य मंत्रालय।
5. अध्यक्ष, एनसीएलटी/एनसीएलएटी, नई दिल्ली।
6. निदेशक, गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय, पर्यावरण भवन, नई दिल्ली।
7. सचिव, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग, एमसीए, नई दिल्ली।
8. रजिस्ट्रार, प्रतिस्पर्धा अपील अधिकरण, नई दिल्ली।
9. कारपोरेट कार्य मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली के सभी अधिकारी।
10. ई-गवर्नेंस प्रकोष्ठ, कारपोरेट कार्य मंत्रालय को इस रिक्ति परिपत्र को मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रमुखता से (यदि संभव हो तो स्क्रॉल के रूप में) अपलोड करने के अनुरोध के साथ।